सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

बिहार सरकार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **289**
23/03/2026

समाजवादी आन्दोलन के प्रखर नेता डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी को मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 23 मार्च 2026 :– समाजवादी आन्दोलन के प्रखर नेता डॉ0 राममनोहर लोहिया जी को उनकी जयंती के अवसर पर लोहिया उद्यान, लोहिया नगर, कंकड़बाग में आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्यमंत्री श्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री श्री रामकृपाल यादव, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविन्द कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा गणमान्य व्यक्तियों ने स्व0 राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने देशभक्ति गीत, बिहार गीत का गायन किया तथा आरती पूजन की।

******